हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 11 मई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

श्याम मंदिर का पन्द्रहवां वार्षिकोत्सव श्याम पाठ के साथ हुआ समापन

4






खेती का सीजन समाप्त होते ही दिगर प्रांत की ओर करते है रुख, जून-जुलाई में लौटेगा मजदूरों का परिवार

# मनरेगा में हर हाथ को नहीं मिल रहा काम रोजगार की आस में ग्रामीण कर रहे पलायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार देने की मंशा से सरकार द्वारा मनरेगा योजना चलाई जा रही है। जिले में रोजगार गारंटी के 2 लाख 89 हजार 546 पंजीकृत श्रमिक है। हर हाथ को योजना के तहत काम नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में कमाने-खाने दिगर प्रांतों में मजदूरों के पलायन का सिलसिला नहीं थम रहा है। खेती का काम समाप्त होने के बाद मजदूर पलायन कर चुके है। अब जून-जुलाई में मजदूरों की घर वापसी होगी।

मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पंजीकृत श्रमिकों के हर हाथ को काम नही मिल पा रहा है। ज्यादातर ग्राम पंचायतो में रोजगार के काम भी नहीं चल पा रहे है। महात्मां गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पंजीकृत मनरेगा श्रमिको को ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराया जाना है ताकि वे भी गांव में ही काम पा सके एवं अन्य राज्यो की ओर पलायन ना करे। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले श्रमिको को मनरेगा के तहत काम भी नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर ग्राम पंचायतो में जहां गर्मी के दिनों में सुबह से ही श्रमिक काम पर निकल जाते थे। इस बार इस तरह की गतिविधियां ज्यादातर ग्राम पंचायतो में नजर ही नही आ रही है। मनरेगा का कार्य वैसे तो बरसात के बाद प्रारंभ हो जाता है, लेकिन कार्य में गति धान बेचने के बाद आती है। धान बेचने के बाद श्रमिक अपने मनरेगा के कार्यो में लग जाते है। लेकिन इस तरह की गतिविधियां ग्राम पंचायतो में नजर तक नही आ रही है। जांजगीर-चाम्पा जिले के 5 ब्लाक पामगढ, अकलतरा, बलौदा, नवागढ एवं बम्हनीडीह को मिलाकर 336 ग्राम पंचायते आते है। यहां मनरेगा के तहत कार्य को लेकर 2 लाख 89 हजार 546 श्रमिको ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें नवागढ ब्लाक में 75 हजार 664 मनरेगा श्रमिक, पामगढ ब्लाक में 65 हजार 711 श्रमिक, अकलतरा ब्लाक में 49 हजार 672 श्रमिक, बम्हनीडीह ब्लाक में 41 हजार 324 श्रमिक एवं बलौदा ब्लाक में 57 हजार 175 मनरेगा श्रमिको ने अपने ग्राम पंचायतों में योजना के तहत काम पाने को लेकर पंजीयन कराया गया है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले श्रमिको को काम नही मिल पा रहा है, जिसके कारण श्रमिक दूसरे राज्यो की ओर पलायन करने विवश हो जाते है। जिले के पामगढ़ और बलौदा ब्लॉक में पलायन कुछ ज्यादा ही होता है। जांजगीर-चाम्पा जिले के ज्यादातर मजदूर जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बैंग्लोर समेत अन्य राज्यों में काम करने के लिए जाते है।



## मजदूरी भुगतान को लेकर भी बनी समस्या

मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों को काम करने के बाद समय पर मजदूरी भुगतान को लेकर व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन काम करने के कई महीने बीत जाने के बाद भी श्रमिको को राशि का भुगतान समय पर नही हो पाता, जिसके कारण उनके सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो जाता है। पहले जहां मनरेगा श्रमिको को कार्य करने के दौरान एक बार हाजरी लगानी पड़ती थी। वही अब मजदूरों को कार्य में आने के दौरान वही घर वापस जाने के दौरान दो बार हाजिरी भी लगानी पडती है।

## पंचायतों में कोई रिकार्ड नहीं

जिले में लंबे समय से मजदूरों द्वारा पलायन किया जा रहा है। पलायन रोकने के लिए सरकार द्वारा कई तरीके अपनाए जा रहे है। इसके बावजूद पलायन का सिलसिला नहीं थम रहा है। ग्राम पंचायतों में पलायन करने वाले मजदूरों के संबंध में कोई रिकार्ड भी नहीं रखे जाते। मजदूरों को पलायन कराने लेबर सप्लायर गांव-गांव में पहुंचते है। लेबर सप्लायर के साथ ग्रामीण परिवार समेत चार माह के लिए पलायन करते है। कोरोनाकाल में लॉकडाउन के समय करीब डेढ़ लाख मजदूर दिगर प्रांतों से अपने गांव लौटे थे। इसके अलावा अक्सर मजदूरों के बंधक बनने के मामले भी सामने आते है। मजदूरों के परिजनों द्वारा बंधक बनाए जाने की जानकारी देने के बाद प्रशासन हरकत में आती है। इसके बाद अन्य प्रांतों में बंधक बने मजदूरों को छुड़ाकर वापस लाया जाता है।

## चल रहा कार्य

मनरेगा के तहत ग्रामिण क्षेत्रो मे कार्य चल रहा है। जहां कार्य नही चल पा रहा है। वहां की जानकारी लेकर व्यवस्था बनाने कहां जाएगा।

-गौरव शुक्ला, प्रभारी, मनरेगा शाखा जांजगीर-चांपा

# थम गई नहर की धार, आने वाले दिनों में बढ़ेगी पानी की परेशानी

## » नल से पानी सप्लाई का नहीं इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जीवनदायिनी हसदेव बांगो नहर की धार बंद हो गई है। नहर से जहां खेतों की सिंचाई होती है, वहीं गर्मी के दिनों में निस्तारी के भी काम आती है। नहर जांजगीर शहर के बीच से होकर गुजरी है। नगर पालिका नल के माध्यम से पानी सप्लाई करने में नाकाम है। सालों से हसदेव जल आवर्धन योजना का काम अधूरा पड़ा है। ऐसे में नगरवासियों को पानी के लिए निजी बोर और हैंडपंप का सहारा होता है। नहर में पानी चलने के कारण वाटर लेवल मेंटेन था। अब नहर बंद होने के साथ ही नगरवासियो को पानी की चिंता सताने लगी है।

जांजगीर- चाम्पा जिले के लिए हसदेव बांगो परियोजना की नहर जीवनदायिनी है। ग्रीष्मकालीन फसल के लिए जनवरी माह में नहर में पानी छोड़ा गया था। नहर जिला मुख्यालय जांजगीर से होकर गुजरी है। नहर में पानी चलने के कारण शहर का वाटर लेवल भी मेंटेन रहता है। अब 9 मई को नहर बंद कर दिया गया है। नहर बंद होने के साथ ही अब जल स्तर भी लगातार गिरता जाएगा। जिससे बोर और हैण्डपम्प में पानी की धार कम होने लगेगी। अभी जेठ का माह चल रहा है। जून में मानसून की दस्तक होती है। ऐसे में माहभर तक गर्मी रहेगी। नहर बंद होने के साथ ही शहरवासियों की चिंता बढ़ गई है। वजह यह है कि शहर में पाइप लाइन से पानी सप्लाई की व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है। जांजगीर शहर 25 वार्ड में बंटा है, और आबादी 50 हजार पार कर गई है। जिला बनने के दो दशक बाद भी जांजगीर शहर में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं हो सकी है। नगर पालिका क्षेत्र जांजगीर नैला में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण शहरवासी हैंड पंप, कुंआ और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो काम चल जाता है, लेकिन गर्मी के मौसम में नगरवासियो को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ता है। नहर चलने से वाटर लेवल काफी हद तक मेंटेन रहता है। जल आवर्धन योजना का काम अधूरा होने और जीवनदायिनी नहर का पानी बंद होने से अब शहर में हालात बिगड़ने के आसार बन रहे हैं।



जल आवार्धन योजना की आधी अधूरी टंकी।

## एक दशक से चल रही कवायद

एक दशक पहले चाम्पा के हसदेव नदी से पाइप के माध्यम से जांजगीर में पानी लाने 6 करोड़ की लागत से काम किया गया था , लेकिन वह प्रोजेक्ट फेल हो गया। इसके बाद हसदेव जल आवर्धन योजना का काम किया जा रहा है। जांजगीर और चांपा शहर की दूरी महज 9 किलोमीटर है। चांपा के हसदेव नदी से जिला मुख्यालय में पानी लाना है। इस कवायद में एक दशक से अधिक समय गुजर गया है, और सरकार का करोड़ो रुपए खर्च हो चुका है, लेकिन जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर में जल आवर्धन योजना के तहत 35 करोड़ की लागत से वर्ष 2017 में काम शुरू किया गया था। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए तब दो साल का समय दिया गया था। बाद में कई बार एक्सटेंशन दिया गया, लेकिन महज 60 फीसदी ही काम हो सका है। काम में लेटलतिफी के कारण ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर अब नए ठेकेदार को काम दिया गया है। जल आवर्धन के प्रोजेक्ट में नगर में दो टंकी बननी है, लेकीन वह अधूरी है। वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का काम भी अटका हुआ है। अभी तक इंटेकवेल के पास से लेकर शहर तक पाइपलाइन ही पहुंचा है कुछ वार्डों में इसका विस्तार भी हुआ है, लेकिन बाकी मोहल्लों में पाइप लाइन विस्तार का काम नहीं हो सका है। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने के लिए योजना के तहत काम कराया जा रहा है, लेकिन नगरवासियो को यह योजना किसी सपने से कम नजर नहीं आ रहा। पानी की सप्लाई के लिए लोग टकटकी लगाए बैठे हैं।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार: रायपुरा में आज होगा समाधान शिविर का आयोजन

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत जिले में 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत हाई स्कूल रायपुरा में 11 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत आयोजित रायपुरा समाधान शिविर में ग्राम पंचायत रायपुरा, आमापाली, खम्हरिया, चिखलरौंदा, छितापंडरिया, झालरौंदा, डोंगिया, केकराभाठ, भोथिया, भोथिडीह, मलनी, लोहराकोट, सलनी, सिरली, सेंदूरस, हरदी, बर्रा, अकलसरा एवं दर्राभांठा ग्राम पंचायत क्लस्टर शामिल रहेंगे। शिविर के सफल संचालन हेतु जिला आबकारी अधिकारी, जिला सक्ती को रायपुरा शिविर स्थल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बढ़ती समस्या को लेकर दी गई जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** सही दवा - शुद्ध आहार – यही छत्तीसगढ़ का आधार जनजागरूकता अभियान के 13 वें दिन 9 मई को खाद्य एवं औषधि प्रशास जिला सक्ती के द्वारा स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों (नारकोटिक दवाओं) तथा एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में ग्राम पंचायत जर्वे एवं जाजंग के नागरिकों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी गयीटीम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त प्रतिमा राजपूत एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य उपस्थित रहे उनके द्वारा ग्रामीणों को नशा एवं दवा दुरुपयोग से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने के साथ शपथ दिलाई गयी।

# जाटा में सरपंच की कुर्सी के लिए उपुचनाव 1 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

सरपंच के असामायिक मृत्यु के सालभर बाद 1 जून को बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत में सरपंच का उप चुनाव होगा। उप चुनाव की तिथी घोषणा के होने के तत्काल बाद 11 मई को सुबह साढ़े दस बजे से आचार संहिता लागू हो जायेगा।

बलौदा ब्लॉक के अंतिम पूर्वी छोर में स्थित ग्राम पंचायत जाटा में सरपंच पद के लिये आदिवासी सीट आरक्षित था। इस सीट पर पिछले साल जाटा गांव की श्रीमती भगवती मरकाम सरपंच बनी थीं। चुनाव घोषणा के दूसरे ही दिन गांव में विजय रैली निकली थीं। इस दौरान ग्रामीणों ने घर-घर में आरती की न सिर्फ थाली सजी हुई थीं, बल्कि आतिशबाजी, गाजे बाजे के साथ ग़ुलाल लगाकर और फूल माला पहनाकर तथा घर9घर हरेक ग्रामीण नारियल भेंट कर जीत की ख़ुशी मनाई थीं। विजय रैली के दूसरे ही दिन 25 फ़रवरी को एकाएक तबीयत बिगड़ी और बिलासपुर स्थित हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान उसकी आकस्मिक निधन हो गईं। उनके निधन के पश्चात 17 मार्च 2025 को गांव के ही वार्ड नंबर 5 की आदिवासी महिला पंच श्रीमती रामेश्वरी मरकाम को स्थानापन्न सरपंच बनाया गया, लेकिन उन्होंने ने भी प्रभार नही लिया। अब 1 जून को पूर्णकलिक सरपंच के लिये उप चुनाव की अधिसूचना जारी करते हुये 11 मई को सुबह साढ़े दस बजे बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाटा और आश्रित ग्राम बहेराडीह में आचार संहिता लागू हो जायेगा। इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत जाटा के सचिव बैशाखु नेताम ने बताया कि पंचायत उप चुनाव के लिए निर्वाचन अधिसूचना 11 मई को सुबह साढ़े दस बजे से जारी किया जायेगा। इसी दिन नामांकन भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। जो 18 मई दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 19 मई को किया जायेगा। जबकि 21 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख तय किया गया है। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची और चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जायेगा। वहीं 1 जून को वोट डाले जाएंगे। इधर उप चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत जाटा में सरपंच चुनाव लड़ने के लिए लोग अभी से ही तैयारी में जुट गए है।

## ऑगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अंतर्गत नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड कमांक 07 आजाद वार्ड में ऑगनबाड़ी सहायिका के 01 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड कमांक 07 आजाद वार्ड में ऑगनबाड़ी सहायिका के 01 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसकी प्राविधिक मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कार्यालयीन सूचना पटल पर कर दिया गया है। किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 13 मई तक ऑनलाईन पर दावा-आपत्ति कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद कोई भी दावा- आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगे, न हीं दावा-आपत्ति में नये दस्तावेज स्वीकार किये जाएगे।

# 2 लाख 21 हजार की चोरी की कहानी निकली झूठी, पुलिस ने किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

बिर्रा पुलिस ने महज कुछ घंटों के भीतर 2 लाख 21 हजार रुपये की कथित चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए झूठी कहानी का खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आवेदक ने उधार चुकाने से बचने के लिए खुद ही चोरी की साजिश रची थी।

- उधारी चुकाने से बचने के लिए युवक ने रची साजिश

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बनडभरा निवासी नरेश भारद्वाज ने बिर्रा थाने में पहुंचकर अपने घर चोरी होने की सूचना दी। उसने पुलिस को बताया कि 8 मई को अपने खेत जमीन को मां लीला बाई को बिक्री किया है। बिक्री रकम 2 लाख 21 हजार रूपये को अपने घर के अलमारी में रखा था। रात्रि में घर के आंगन में सोने के दौरान किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर के कमरे मे रखे अलमारी को घर से कुछ दूर बाहर ले जाकर अलमारी में रखे रकम चोरी करने की जानकारी पुलिस को दी। लिखित आवेदन पेश करते हुये रकम 2 लाख 21 हजार रूपये को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ले जाने का आवेदन पेश किया था। इसके बाद तत्काल अपने घर चला गया। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने नरेश भारद्वाज को फोन से संपर्क कर पूछताछ के लिए थाना बुलाया तो वह आना-कानी करने लगा। तत्काल बिर्रा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) श्रीमती सतरूपा तारम के पर्यवेक्षण में बिर्रा पुलिस द्वारा घटना स्थल पहुंचकर आवेदक व उसके परिजनो से घटना के संबंध में कडाई एवं मनोवैज्ञानिक रूप से पुछताछ की गई। इस पर उसने बताया कि गांव के कुछ लोगों से पैसा उधारी लिया था। उधार की रकम चुकाने से बचने के लिये उसने चोरी की मनगढंत कहानी रची। स्वयं अपने घर के अलमारी को घर से कुछ दूर पर क्षतिग्रस्त स्थिति में छोड़ आया और उक्त रकम को छत में छुपा दिया। नरेश भारद्वाज की निशानदेही पर पुलिस ने छत में छुपाए गए रकम को बरामद किया। मामले का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी जय कुमार साहु सहायक उपनिरीक्षक टी.आर. जांगडे, नरेन्द्र शुक्ला, रघुवीर यादव, जनक कश्यप, दीपक तिवारी का योगदान रहा।



पुलिस क साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त रकम।

# आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर 7 सौ किलोग्राम महुआ लहान कराया नष्टीकरण

सक्ती। आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने रायपुर और हरदी में दबिश देकर 7 सौ किलो ग्राम महुआ लाहान नष्टीकरण की कार्रवाई की है। साथ ही साथ 75 लीटर शरा जब्त किया है। 9 मई को आबकारी वृत्त जैजैपुर के ग्राम रायपुरा थाना बाराद्वार में अवैध महुआ शराब के निर्माण और विक्रय की शिकायत मिलने पर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम रायपुरा में संदिग्ध स्थल पर दबिश दी गई जिसमें रायपुर के शमशान के पास विभिन्न झाड़ियां में गड्ढे बनाकर छुपा कर रखा जरिकेनों में कुल 40 लीटर महुआ शराब बरामद किया । इसी प्रकार 10 मई को ग्राम हरदी थाना बाराद्वार में बोरई नदी के किनारे अवैध रूप से भारी मात्रा में महुआ शराब के बनाने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल टीम का गठन कर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान नदी किनारे महुआ शराब बनाने की भट्टी सहित आसपास में छुपा कर रखा और पन्नी और जरिकेनों में रखा गया 35 लीटर महुआ शराब और 35 प्लास्टिक की बोरियों प्रत्येक में 20-20 किलो कुल 700 किलोग्राम महुआ लहान बरामद की गई। महुआ लहान का सैंपल लेकर मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल, आबकारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रधान के नेतृत्व में आब मु आर रघुनाथ पैकरा, परस राम कहरा, कमलेश यादव, बसंती चौधरी का योगदान रहा ।

कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का हुआ आयोजन, बताए गए सफलता के मंत्र

# बोर्ड परीक्षा के होनहार विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

आकांक्षा आवासीय विद्यालय जांजगीर में 'विद्यार्थी प्रोत्साहन एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस दौरान दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट होल्डर्स सहित 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र भी बताए गए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना तथा उन्हें भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि केवल सम्मान करना ही हमारा उद्देश्य नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लक्ष्यों के प्रति प्रेरित करना हमारा ध्येय है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पर फोकस और अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार करियर का चयन करें। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने विद्यार्थियों से कहा कि चुनौतियों को स्वीकार कर निरंतर प्रयास करते रहने से ही सफलता प्राप्त होती है। एसडीएम जांजगीर एवं आकांक्षा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुब्रत प्रधान ने जिला प्रशासन द्वारा संचालित आकांक्षा निःशुल्क आवासीय कोचिंग की विस्तृत जानकारी दी। अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर विशेष प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम तथा आईआईटी खड़गपुर के छात्र युगल साहू ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं करियर संबंधी शंकाओं का समाधान किया। इसके उपरांत माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल मेरिट सूची में नैतिक गौतम एवं लोकेश राठौर तथा हायर सेकेंडरी मेरिट सूची में कु. खुशबू देवांगन सहित 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले के 163 मेधावी छात्र-छात्राओं को कलेक्टर एवं अधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान डीईओ ए.के. सिन्हा, मनोज पांडेय एवं एबीईओ श्रीमती पुष्पा कोरी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




मेघावी छात्र का सम्मान करते कलेक्टर व अन्य अधिकारी।



## खबर संक्षेप



### छात्रा डॉ. एंजेल ने प्राप्त की डॉक्टरेट की उपाधि

**कोरबा।** स्वर्गीय बलीराम कश्यप मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से डॉ. एंजेल जॉनसन ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। डॉ. एंजेल जॉनसन के पिता जॉनसन पॉल और माता स्टेला जॉनसन हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीपीएस स्कूल, बालको से प्राप्त की। बचपन से ही उनके मन में डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने की प्रबल इच्छा थी, जिसे उन्होंने आज साकार कर दिखाया है। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जेडी दुल्हानी, एमडी पीडियाट्रिक्स, डॉ. प्रदीप बेक, डीन एवं एमडी मेडिसिन तथा डॉ. अनुरूप साहू, अस्पताल अधीक्षक एवं एमडी पीडियाट्रिक्स उपस्थित रहे। डॉ. एंजेल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और ईश्वर को दिया। उन्होंने कहा कि वह आगे भी चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य कर समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना चाहती हैं।

### कलेक्टर ने पसरखेत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ग्राम पसरखेत में बाला मॉडल के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के सीईओ खगेश निर्मलकर को निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रत्येक चरण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के अनुकूल शिक्षण-सीखने के वातावरण को ध्यान में रखते हुए बाला मॉडल के सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बाला मॉडल एक बाल-केन्द्रित शिक्षण अवधारणा है, जिसमें भवन और परिसर को ही सीखने का माध्यम बना दिया जाता है। इसमें रंग, आकार, चित्र, चार्ट, गतिविधियाँ, खेल और स्थानीय प्रसंगों को शामिल करके ऐसा वातावरण तैयार किया जाता है, जिससे बच्चे खेल-खेल में सीखते हैं।

### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर शिक्षा मंत्री ने रामसिंह अग्रवाल का किया सम्मान



**कोरबा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में रेड क्रॉस सोसाइटी कोरबा इकाई के चेयरमैन एवं समाजसेवी राम सिंह अग्रवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। राम सिंह अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में जिले में रेड क्रॉस समिति की गतिविधियों को तेज गति से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में अब तक 1370 नए सदस्यों को रेड क्रॉस सोसाइटी से जोड़ा गया है। इसके साथ ही रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

# ब्लाक मुख्यालय कटघोरा में खुलेगी नगरीय निकाय की लाईब्रेरी

## सभी ब्लाकों में लाइब्रेरी शुरू करने की तैयार हुई है योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय की तर्ज पर कटघोरा में भी लाइब्रेरी खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही सभी ब्लाक मुख्यालय में आने वाले समय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को लाइब्रेरी की सुविधा मिल सकेगी। जिला प्रशासन इसकी भी तैयारी की जा रही है।

लाइब्रेरी के लिए कटघोरा क्षेत्र से लंबे समय से मांग की जा रही थी। नगर पालिका परिषद के पार्षदों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी लाइब्रेरी शुरू करने के लिए प्रशासन के समक्ष अपना प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव के साथ जिला प्रशासन ने सभी ब्लाक मुख्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं और वहां अन्य शासकीय दफ्तरों में रहने वाले कर्मचारियों व उनके परिवारों की स्थिति का आंकलन किया और उस मामले में कटघोरा क्षेत्र को पहले प्राथमिकता दी गई। जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय की तुलना में कटघोरा क्षेत्र अब एक अलग स्थान बना चुका है। इस दृष्टि से कटघोरा नगरीय निकाय क्षेत्र में लाइब्रेरी खोलने की अनुमति जिला प्रशासन के द्वारा दी गई है। इसके लिए नगरीय निकाय क्षेत्र में ही शासकीय भवन का चिन्हांकन कर लाइब्रेरी की शुरुआत अस्थायी रूप से की जाएगी। उसके बाद नए भवन का निर्माण करने के बाद लाइब्रेरी को शिफ्ट किया जाएगा।

**खास बातें**

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को मिल सकेगी सुविधाएं




**कटघोरा क्षेत्र में बड़ी आबादी**

कटघोरा नगर पालिका परिषद और उसके 5 किलोमीटर की परिधि में आने वाले ग्रामीण अंचल भी अब कस्बे का रूप ले चुके हैं। नगरीय निकाय क्षेत्र की आबादी भी अब बढ़ चुकी है। नेशनल हाइवे और रेल कनेक्टिविटी होने के कारण कटघोरा क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसी तर्ज पर लाइब्रेरी की सुविधा शुरू की गई। कटघोरा महाविद्यालय में प्रोफेशनल कोर्स शुरू होने के साथ ग्रामीण अंचल के छात्रों को अब इन कोर्स में भी प्रवेश मिलने लगा है। लाइब्रेरी शुरू होने से स्कूली और महाविद्यालयीन छात्रों को एक बड़ी सुविधा मिल सकेगी।

## कार्य की गुणवत्ता पर नहीं होगा किसी प्रकार का समझौता

# प्रगतिरत विकास कार्यों को समय पर करें पूर्ण अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू कराएं : लखनलाल



निगम अधिकारियों की बैठक लेते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र के वार्डों में प्रगतिरत विकास कार्यों को समयसीमा के अंदर पूरा करायें

**खास बात**

- कार्यों में देरी व बीच में कार्य रोकने पर निर्माण एजेंसियों पर होगी कार्यवाही

तथा जो कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किये गये हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने में देरी व कार्य प्रारंभ कर बीच में कार्य रोकने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही करें, नोटिस दें तथा यदि फिर भी कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता तो अमानत राशि राजसात करते हुये ऐसे निर्माण एजेंसियों को ब्लेक लिस्ट किये जाने की कार्यवाही भी करें। उन्होंने यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि किया जा रहा विकास कार्य पूर्ण गुणवत्तायुक्त है, साथ ही गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का कम्प्रोमाईज न हो, यह भी सुनिश्चित करें।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के दर्री जोन व सर्वमंगला जोन के विकास कार्यों, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों की कार्यप्रगति की वार्डवार समीक्षा करने के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने मंत्री देवांगन ने दर्री जोन व सर्वमंगलानगर जोन के अधिकारियों व वार्ड पार्षदों की बैठक लेकर इन दोनों जोन के 20 वार्डों के विकास कार्यो की वार्डवार समीक्षा की। वर्तमान में दर्री जोन व सर्वमंगलानगर जोन में कुल 166 कार्य स्वीकृत हुये थे, जिसमें दर्री जोन के 14 वार्डो के 112 कार्य स्वीकृत कार्यों में 45 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं, 45 कार्य प्रगतिरत हैं तथा 22 कार्य अभी अप्रारंभ हैं। इसी प्रकार सर्वमंगला नगर जोन के 6 वार्डो के स्वीकृत 54 विकास कार्यो में 28 कार्य पूर्ण, 14 प्रगतिरत व 12 विकास कार्य अप्रारंभ है। अप्रारंभ विकास कार्यो की वार्डवार समीक्षा करते हुय उद्योग मंत्री देवांगन ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि संबंधित निर्माण एजेंसियों को नोटिस दें तथा कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करायें, इसी प्रकार प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कुछ कार्य बीच में रूके हुये हैं, इस पर उद्योग मंत्री देवांगन ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुये अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित निर्माण एजेंसियों को कार्य प्रारंभ करने का नोटिस दें, फिर भी यदि उनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता तो उनकी जमा अमानत राशि राजसात करते हुये उन्हें ब्लेक लिस्टेड किये जाने की कार्यवाही करें। उद्योग मंत्री देवांगन ने अधिकारियों से कहा कि विकास व निर्माण कार्यो के संपादन के दौरान संबंधित अभियंतागण कार्यो की निरंतर मानीटरिंग करें, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि विकास कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ संपादित हों तथा कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान जो भी निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं, उनका कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति में तेजी के साथ-साथ आमजन की समस्याओं व शिकायतों पर विशेष रूप से फोकस करें तथा प्राप्त शिकायतों का समयसीमा में निराकरण करायें।

# बस स्टैंड के संचालन से पहले अतिक्रमण हटाने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपिका क्षेत्र मैं भाजपा सरकार के दौरान बने प्रतीक्षा बस स्टैंड की उपयोगिता अब तक नहीं हो सकी है। अब इसके रिनोवेशन के साथ संचालन को लेकर 32 लाख खर्च करने हैं लेकिन इससे पहले सबसे बड़ी चुनौती इस इलाके में मौजूद अतिक्रमण को हटाने की है।

**खास बात**

- 32 लाख से रेनोवेशन पर पार्षदों ने उठाए सवाल

जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले दिनों अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई की गई और संदेश दिया गया कि नियम सबके लिए बराबर है, अब बारी है दीपिका क्षेत्र की। नगरी निकाय के द्वारा दो दशक पहले यहां पर तैयार कराया गया प्रतीक्षा बस स्टैंड लंबे समय बाद भी संचालन में शामिल नहीं हो सका। यात्री बसों का परिचालन पहले की तरह पुरानी व्यवस्था पर चल रहा है। हाल में ही बस स्टैंड को संचालन लायक बनाने के लिए 32 लाख रुपए का टेंडर निकाला गया है। कांग्रेस के पार्षदों ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा है कि कामकाज हो इसमें दिक्कत नहीं लेकिन सबसे पहले बस स्टैंड क्षेत्र से सभी अतिक्रमण को पूरी तरह हटाया जाए। उनका कहना है कि ऐसा होने पर ही बस स्टैंड से व्यवस्था का संचालन संभव हो सकेगा। उनके द्वारा कहा गया है कि प्रतीक्षा बस स्टैंड को शराब खोरी का अड्डा बना दिया गया है और कई प्रकार के काम यहां पर चल रहे हैं। कई नेतानुमा लोगों ने इस अंदाज में यहां अतिक्रमण कर लिया है मानो या उनकी अपनी संपत्ति है।

**चौपाटी निर्माण पर भी उठे सवाल**

जानकारी मिली है कि 42 लाख रुपए खर्च कर चौपाटी का निर्माण करने की योजना है। यह कार्य पुष्प वाटिका क्षेत्र में होना है। इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि पिछले कार्यकाल में पुष्प वाटिका के निर्माण के बाद से यहां लोगों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी और चौपाटी की शिफ्टिंग भी यहां पर हो रही है। ऐसे में योजना कैसे फलीभूत होगी।

# रोजगार सह आवास दिवस पर 1016 पूर्ण आवासों में हितग्रहियों को कराया गृहप्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में 7 मई को चावल महोत्सव के अवसर पर रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम विकास, आजीविका संवर्धन, जल संरक्षण तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूर्ण हुए 1016 आवासों में विधि विधान से हितग्राहियों गृहप्रवेश कराया गया।

प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशन में तथा सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी एवं प्रभावी समन्वय के साथ संपन्न कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूर्ण कराए गए आवासों में आज रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया गया। रोजगार सह आवास दिवस में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों को अधिकतम 90 दिनों के भीतर पूर्ण कराने हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। हितग्राहियों को उनके खातों में हस्तांतरित राशि की जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। साथ ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं अन्य आयमूलक गतिविधियों से जोड़ने के लिए भी विशेष पहल की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी क्यूआर कोड स्कैन प्रणाली के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की गई, ताकि ग्रामीणजन योजनाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकें और पारदर्शिता को प्रोत्साहन मिले।




हितग्राही परिवार को गृहप्रवेश कराते।

# ऑपरेशन के बाद अस्पताल पहुंचा मरीज स्टॉफ ना मिलने पर दोस्त ने की ड्रेसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ड्रेसिंग रूम में स्टाफ के मौजूद न होने का आरोप लगाते हुए एक मरीज के दोस्त द्वारा खुद ड्रेसिंग करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- जिला मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही का लगा आरोप

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी हुकुम कुमार का कुछ दिन पहले जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के टांके खुलने के बाद दर्द बढ़ने पर वह अपने दोस्त चंदन कुमार के साथ अस्पताल पहुंचे। दोनों ने पहले पर्ची कटवाई और डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने ड्रेसिंग कराने की सलाह दी, जिसके बाद वे ड्रेसिंग रूम पहुंचे। हुकुम कुमार का आरोप है कि ड्रेसिंग रूम में काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। दर्द अधिक होने के कारण उनके दोस्त चंदन कुमार ने ड्रेसिंग कक्ष में रखी दवाइयों से ऑपरेशन वाली जगह पर खुद ड्रेसिंग कर दी। चंदन का कहना है कि वह स्टाफ को खोजने के लिए पर्ची लेकर इधर-उधर घूमते रहे, लेकिन कोई नहीं मिला। मजबूरी में उन्होंने खुद ही ड्रेसिंग की।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सह अधीक्षक रविकांत जाटवर ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी। रविकांत जाटवर ने बताया कि वीडियो के आधार पर जांच की गई है। उनके मुताबिक, वीडियो में मरीज का दोस्त खुद ड्रेसिंग करते दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि उस समय ड्रेसिंग रूम में कर्मचारी मौजूद था और उसने मरीज के दोस्त को ऐसा करने से मना भी किया था, लेकिन इसके बावजूद उसने खुद ड्रेसिंग कर दी।



**मरीज और अस्पताल प्रबंधन के अलग -अलग बयान**

इस मामले में मरीज और अस्पताल प्रबंधन के बयान अलग-अलग हैं। मरीज का कहना है कि ड्रेसिंग रूम में कोई स्टाफ मौजूद नहीं था, जबकि प्रबंधन कर्मचारी की मौजूदगी का दावा कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया है कि भविष्य में मरीजों को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहन्दीकला, जनपद पंचायत मालखरौदा, जिला-सक्ती छ.ग.**

**ईश्तहार**

जारी दिनांक 11.05.2026

ग्राम पंचायत मोहन्दीकलां के अन्तर्गत नर्सरी तालाब खसरा नं. रकबा 1.00 हे., नया तालाब खसरा नं. 763,764,765 रकबा नं. 1. 2020 हे., डबरी तालाब खसरा नं. 389 रकबा नं. 0.7490 हे., जूना तालाब खसरा नं.537 रकबा नं. 0.8090 हे. को मत्स्य पालान हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर ठेका दिया जाना है। इच्छुक मछुवारा समितियों एवं समूहो को ईश्तहार जारी होने के 15 दिवस के भीतर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय ग्राम पंचायत मोहन्दीकलां में जमा कर देवे। विस्तृत जानकारी के लिए ग्राम पंचायत मोहन्दीकलां कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर ले।

नोटः - स्थानीय समूह एवं समितियों को ही प्राथमिकता दी जावेगी ।

**सरपंच/सचिव**
**ग्राम पंचायत मोहंदीकला**
**जनपद पंचायत - मालखरौदा**
**जिला - सक्ती (छ.ग.)**




## नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में सामान्य सभा की बैठक संपन्न

# विकास की गति को बढ़ाने को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में विकास की गति को बढ़ाने और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर अहम चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष द्वारा की गई, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पार्षदगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से 4 बिंदुओं वाली विषय सूची पर विस्तार से चर्चा हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें वार्ड क्रमांक 11 में निर्माण मंगल भवन के सामने सीसी रोड और आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 35 लाख के लिए प्राप्त न्यूनतम ई-निविदा पर विचार कर स्वीकृति की दिशा में कदम बढ़ाया गया। वार्ड क्रमांक 1 और 3 में इंडेन गैस एजेंसी से शासकीय स्कूल होते हुए सब स्टेशन तक बीटी रोड निर्माण लागत 48 लाख के लिए निविदा पर चर्चा की गई। और वार्ड क्रमांक 8 स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 49 लाख को लेकर कार्ययोजना पर सहमति बनी। बैठक में विकास कार्यों के साथ-साथ विधायी विषयों पर भी चर्चा हुई, जिसमें 131वें संविधान संशोधन विधेयक से संबंधित विषयों पर पार्षदों ने अपनी राय रखी और सभी अपनी सहमति प्रदान किया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। बैठक में सड़कों और नालियों के निर्माण के साथ-साथ जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया है। सभी वार्डों में गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएंगे। इस बैठक में उपस्थित पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से रखा, जिस पर सीएमओ और अध्यक्ष ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। विकास कार्यों की इस मंजूरी से बांकीमोंगरा क्षेत्र की जनता को आने वाले समय में जर्जर सड़कों और जल निकासी जैसी समस्याओं से निजात मिलने की उम्मीद है।




बैठक के दौरान उपस्थित पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।






# द रॉयल्स' के एक साल पूरे, भावुक हुए ईशान

**मुंबई**। ओटीटी की दुनिया में पिछले कुछ सालों में कई ऐसी सीरीज आई हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। ऐसी ही एक सीरीज रही 'द रॉयल्स', जिसने रिलीज होते ही युवाओं के बीच अलग पहचान बनाई थी। अब इस सीरीज को एक साल पूरा हो चुका है। इस खास मौके पर अभिनेता ईशान खट्टर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट किया। उन्होंने सीरीज से जुड़ी कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए शूटिंग के दिनों को याद किया। साथ ही उन्होंने फैंस के प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद भी कहा। ईशान ने इंस्टाग्राम पर 'द रॉयल्स' के सेट से जुड़े कई खास पल साझा किए।

लाइफ Style



# उर्वशी

## मेरे किरदार की चुप्पी में छिपा संघर्ष

*अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस बार उनका किरदार पहले से ज्यादा भावनात्मक रूप से मजबूत दिखने वाला है। इस पर उर्वशी का कहना है कि इस बार उनके किरदार की सबसे बड़ी ताकत 'चुप्पी में छिपा संघर्ष' है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बाहर से शांत दिखने वाले मेरे किरदार के अंदर चल रहा लगातार मानसिक संघर्ष ही उसकी मजबूती है। उर्वशी रौतेला ने अपने किरदार पूनम मिश्रा के बारे में बात करते हुए कहा, इस सीजन में मेरा किरदार सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी का नहीं है, बल्कि एक ऐसे इंसान का है, जो अंदर ही अंदर बहुत कुछ झेल रहा है। इस बार मेरे किरदार की सबसे बड़ी भावना 'साइलेंस में सर्वाइवल' (चुप्पी में छिपा संघर्ष) है, यानी ऐसा किरदार, जो बिना शोर किए, बिना अपनी भावनाओं को बाहर दिखाए, परिस्थितियों से लड़ता रहता है और खुद को संभालने की कोशिश करता है। उर्वशी ने कहा, क्राइम ड्रामा में आमतौर पर लोग सिर्फ हिंसा, ताकत और एक्शन देखते हैं, लेकिन असल कहानी उसके पीछे छिपे डर और अकेलेपन की होती है। मेरे किरदार के भीतर भावनात्मक अकेलापन और खुद को सुरक्षित रखने की लगातार कोशिश दिखाई देती है। मेरा किरदार बाहरी दुनिया से ज्यादा अपने अंदर के डर और संघर्ष से लड़ रहा है। यही वजह है कि इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक अलग अनुभव रहा है। उर्वशी ने कहा, मुझे इस किरदार में सबसे ज्यादा आकर्षित इमोशन्स लगे।

हॉलीवुड मसाला



# मदर्स डे पर की खूबसूरत पहल

**लॉस एंजिल्स**। मदर्स डे के अवसर पर ग्लोबल स्टार किम कार्दशियन जेल में बंद कई मांओं को उनके बच्चों से मिलवाने में मदद कर रही हैं। किम कार्दशियन ने रिफॉर्म अलायंस और लेडीज ऑफ होप मिनिस्ट्रीज के साथ मिलकर पूरे अमेरिका की फेडरल जेलों में बंद 50 मांओं के लिए इस रविवार को अपने बच्चों से मिलने का इंतजाम किया है। इस पहल के तहत परिवारों के सफर और दूसरे खर्चों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि वे मदर्स डे एक साथ मना सकें। पीपल मैगजीन के मुताबिक, परिवारों का चुनाव 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया गया था।



# 'डेडलिएस्ट कैच' फेम एक्टर जेक एंडरसन की शादी टूटी

**लॉस एंजिल्स**।'डेडलिएस्ट कैच' फेम स्टार जेक एंडरसन और उनकी पत्नी जेना का तलाक हो रहा है। जेक एंडरसन ने इसकी पुष्टि कर दी है। इसी के साथ 17 साल के रिलेशनशिप और 13 साल की शादीशुदा जिंदगी का अंत हो रहा है। जेक एंडरसन ने इस बात की पुष्टि की है कि वे और उनकी पत्नी जेना एंडरसन 13 साल शादीशुदा जिंदगी में साथ रहने के बाद अब अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। पीपल (**PEOPLE**) मैगजीन के अनुसार, यह बात इस लोकप्रिय शो के 22वें सीजन के प्रीमियर के दौरान सामने आई, जहां जेक ने अपनी निजी जिंदगी के मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की, जबकि वे अपनी प्रोफेशनल लाइफ में भी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। अलग होने के बारे में बात करते हुए जेक ने कहा, '17 साल साथ रहने और 13 साल शादीशुदा जिंदगी में बिताने के बाद जेना और मैंने अब अलग होने का फैसला कर लिया है'।



# 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज


**मुंबई**। अभिनेत्री दिशा पाटनी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली इंटरनेशनल मूवी 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। ट्रेलर में वह एक्शन करती नजर आ रही हैं। फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' एक बड़ी काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया में ले जाती है। यह 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की पहली मूवी है। इस कहानी को लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार किया है। फिल्म में दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में नियम और संतुलन बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग सोच और अलग रास्ते पर चलता है। इसी संघर्ष के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सामने आता है।



# मेरा काम लोगों का इंटरटेन करना

**मुंबई**। दिलजीत दोसांझ म्युजिक इंडस्ट्री का जाना चेहरा है। उन्होंने ग्लोबल लेवल पर भी अपनी तगड़ी पहचान बनाई है। वहीं इन वो राजनीति में आने की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में जब उनसे पंजाब की राजनीति का 'नया चेहरा' बनने की अपील की गई, तो उन्होंने 'नेवर' कहकर इसे ठुकरा दिया। दरअसल, एक दैनिक अखबार ने हाल ही में 'क्या दिलजीत पंजाब की राजनीति का नया चेहरा बन सकते हैं?' शीर्षक से एक आर्टिकल पब्लिश किया। रिपोर्ट के मुताबिक, रिटायर्ड सैनिकों और समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों सहित कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिलजीत से राजनीति में आने की सार्वजनिक अपील की थी। बताया गया कि रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट एसएस बोपराय के नेतृत्व वाला ये ग्रुप चाहता है कि दिलजीत पंजाब की नई राजनीतिक आवाज बनें।

टीवी मसाला



# खेल के मैदान के बाद टीवी पर डेब्यू करेंगे रोहित शर्मा, रिलीज हुआ नए शो का टीजर

**मुंबई**। भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतरीन बैट्समैन और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का हर काम उनके फैंस को पसंद आता है। फैंस उनके परफॉर्मेंस, ऐड और इंटरव्यू पर प्यार लुटाते हैं। उनका हर अंदाज फैंस को पसंद आता है। ऐसे में रोहित शर्मा टीवी पर एक शो लेकर आ रहे हैं। रोहित ने पूछा है कि अगर वह टीवी पर अपना अंदाज लेकर आएंगे तो क्या होगा? क्रिकेटर रोहित शर्मा जल्द ही टीवी पर अपना एक शो लेकर आने वाले हैं। इसका टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। टीजर में दिखाया गया है कि रोहित अपने फैंस से मिलते हैं। फैंस उनसे 'कोई गार्डन में नहीं घूमेगा' बोलने को कहते हैं। इस डिमांड से वह परेशान हो जाते हैं। इस बीच वह कॉल करके अपने घर पर गार्डन का काम रुकवा देते हैं। टीजर के आखिर में रोहित कहते हैं 'दो लाइनें क्या बोल दीं, इतनी वायरल हो गईं, जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा? टीजर में यह नहीं बताया गया है कि उनके शो का क्या नाम है और यह किस बारे में है। हालांकि रोहित ने टीजर से अपने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। उनका शो सोनी टीवी पर आने वाला है। बताया जाता है कि रोहित शर्मा अपनी खास हाजिरजवाबी और सहज आकर्षण के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगे। दर्शक एक एंटरटेनमेंट शो की उम्मीद कर सकते हैं।

## दूसरी बार मां बनीं टीवी एक्ट्रेस आशका



**मुंबई**। टीवी एक्ट्रेस आशका गोराडिया ने गुड न्यूज शेयर की है। आशका ने दूसरे बेटे को जन्म दिया है। आशका और उनके पति ब्रेंट गोबल ने अब फैंस के साथ ये खुशखबरी साझा की है। सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत फोटो के साथ कपल ने अपन बेटे के नाम का भी खुलासा किया है। साथ ही चार सदस्यों के परिवार के रूप में एक नए चैप्टर की शुरुआत को लेकर शुक्रिया भी अदा किया है। आशका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है। इसमें कपल और उनके बड़े बेटे के हाथ नजर आ रहे हैं, जिसमें वो नवजात को थामे हुए हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है। इसमें उन्होंने खुशखबरी साझा करते हुए कहा, '1 मई 2026 को हमारे दिलों में आए हमारे बेटे रिचर्ड थियोडोर गोबल का आगमन हुआ।

# 'मस्कारा' के साझा किए बीटीएस पल



*अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'क्या कमाल है' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री 'जिया' नाम का एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म का नया गाना 'मस्कारा' रिलीज हुआ है, जिसमें शरवरी का अंदाज पुराने दौर की बॉलीवुड हीरोइनों के रोमांस की याद दिला रहा है।*

**मुंबई**। शरवरी ने इंस्टाग्राम पर गाने की शूटिंग के बीटीएस पल शेयर किए। इस पोस्ट में शरवरी ने इम्तियाज अली के साथ अपने काम करने के अनुभव को बयां करते हुए लिखा, इम्तियाज अली सर और मैं इस एहसास को 'किस-मिस यारा' कहते थे। यह एक मजेदार बनाया गया शब्द है, जो पहली बार प्यार में पड़ने वाली उस मीठी और हल्की सी गुदगुदाहट को महसूस कराता है। शरवरी ने आगे लिखा, मेरा किरदार 'जिया' अपनी जिंदगी में कई बार इसी 'किस-मिस' वाले एहसास से गुजरती है। गाने में मेरा नटखट और शरारती अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। 'मस्कारा' गाने में शरवरी का लुक काफी क्लासी रखा गया है। गाने में उनका नटखट और शरारती अंदाज भी देखने को मिलता है। 'मस्कारा' गाना अपनी रोमांटिक धुन और शानदार केमिस्ट्री के लिए सोशल मीडिया पर छा गया है। इस गाने को वेदांग रैना और नीलांजना घोष दस्तीदार ने अपनी आवाज दी है। इसका संगीत दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने दिया है, जबकि बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में दिखेगा जलवा



**मुंबई**। बॉलीवुड की डांसिंग सेंसेशन और ग्लोबल स्टार नोरा फतेही एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने जा रही हैं। नोरा अब 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' के ओपनिंग सेरेमनी में अपनी परफॉर्मेंस और सिंगिंग का जलवा बिखेरती नजर आएंगी। यह सेरेमनी कनाडा के टोरंटो शहर में आयोजित होगी। नोरा का इस बड़े मंच पर शामिल होना भारतीय मनोरंजन जगत के लिए गर्व की बात है। 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' की ओपनिंग सेरेमनी 12 जून को टोरंटो के मशहूर बीएमओ फील्ड स्टेडियम में होगी। इस खास मौके पर नोरा फतेही के साथ कई बड़े इंटरनेशनल म्यूजिक स्टार्स भी परफॉर्म करेंगे। इस लिस्ट में माइकल बुबले, एलानिस मॉरिसेट, एलेसिया कारा, एलियाना, जेसी रेयेज, संजॉय, वेगेड्रीम और विलियम प्रिंस जैसे कलाकार शामिल हैं। वहीं अमेरिका में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी में अनीता, फ्यूचर, कैटी पेरी, लिसा, रेमा और टायला जैसे बड़े इंटरनेशनल स्टार्स मंच संभालेंगे। इस तरह फीफा वर्ल्ड कप 2026 संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का एक बड़ा उत्सव बनने जा रहा है। फीफा की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, कनाडा में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी देश की संस्कृति और विविधता को दुनिया के सामने पेश करेगी। समारोह की शुरुआत कनाडा की अलग-अलग खूबसूरत जगहों और वहां की परंपराओं को दिखाने वाले खास प्रस्तुतीकरण से होगी। इसके जरिए दुनिया भर से आए लोगों का स्वागत किया जाएगा।

# पैट्रिआर्की पर कृति का बड़ा बयान बोलीं- बड़ा हिस्सा ले जाते हैं हीरो

*बॉलीवुड में मेल और फीमेल एक्टर्स की फीस को लेकर बहस*

**मुंबई**। बॉलीवुड में मेल और फीमेल एक्टर्स की फीस को लेकर बहस लंबे समय से चल रही है। तमाम एक्ट्रेस इस मुद्दे पर बात कर चुकी हैं, अब कृति सेनन ने भी इंडस्ट्री में मौजूद पैट्रिआर्की और पे-पैरिटी पर खुलकर बात की है। कृति ने कहा कि फिल्मों में बजट कटौती का असर अक्सर सबसे पहले फीमेल एक्टर्स की फीस पर पड़ता है, जबकि बड़े हिस्से की रकम मेल स्टार्स को दी जाती है। कृति ने कहा, जब प्रोड्यूसर्स को बजट कम करना होता है तो वे सबसे पहले फीमेल लीड की फीस कम करने की कोशिश करते हैं, जबकि बजट का बड़ा हिस्सा मेल एक्टर्स को जाता है। इंडस्ट्री में पैट्रिआर्की आज भी गहराई से मौजूद है और बराबरी लाने के लिए इसे बदलना जरूरी है।



### सेट् पर होते हैं भेदभाव

कृति ने फिल्म सेट्स पर होने वाले छोटे-छोटे भेदभावों का भी जिक्र किया। कृति ने कहा कि अक्सर सेट पर पहले यह देखा जाता है कि फीमेल एक्टर तैयार है या नहीं, ताकि मेल एक्टर को इंतजार न करना पड़े। उनके मुताबिक यह चीजें कई बार अनजाने में होती हैं, लेकिन इन्हें बदलने की जरूरत है।

### शुरुआती करियर का अनुभव किया साझा

कृति ने अपने शुरुआती करियर का एक अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार उनके साथ काम कर रहे एक मेल को-स्टार, जो उनसे सीनियर भी नहीं थे, उन्हें बेहतर कार दी गई थी। कृति ने कहा, मुद्दा कार का नहीं था, बल्कि बराबरी के सम्मान का था। उस समय हर बात खुलकर कहना आसान नहीं होता था, लेकिन मैंने हमेशा अपने लिए खड़े होने की कोशिश की।

### फीमेल किरदार सीमित

कृति ने बताया कि यही सोच उन्हें प्रोड्यूसर बनने की ओर लेकर गई। उनकी फिल्म 'दो पत्ती' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं, जिनमें महिलाओं के लिए मजबूत और अहम किरदार हों। कृति के मुताबिक, आज भी महिलाओं के लिए अच्छी और दमदार स्क्रिप्ट्स बहुत कम लिखी जाती हैं, जबकि मेल-ड्रिवन फिल्मों में फीमेल किरदार अक्सर सीमित रह जाते हैं।

खबर संक्षेप

## रायपुर में जांजगीर के रेडक्रॉस काउंसिलर्स का सम्मान



**जांजगीर-चांपा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिले के दल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के दो उत्कृष्ट जूनियर रेडक्रॉस काउंसिलर्स, व्याख्याता दीपक कुमार यादव एवं सहायक शिक्षक विज्ञान कु. श्वेता जायसवाल को उनके उल्लेखनीय योगदान, स्वास्थ्य सेवा और मित्रता के क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा एवं एडीएसओ रमेश तिवारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 32 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। दल ने राज्य स्तर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया और नृत्य प्रतियोगिता के अंतर्गत शानदार फिजिकल डिस्प्ले पेश कर दर्शकों की सराहना बटोरी। इस आयोजन में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं में पूर्वशी साहू, सोनाली पटेल, मेघा साहू, सुलोचना केंवट, दीपिका साहू, रूखमणी साहू, मुस्कान यादव, प्रतिमा बरेठ, प्रेमेन्द्र साहू, भागीरथी बरेठ, भावेश साहू, शैलेष सोनवानी, साहिल सोनवानी, सागर चौहान, भावना श्रीवास, वर्षा साहू, दुर्गेश्वरी गढ़वाल, उमा कंवर, साक्षी केंवट, रोशनी बिंझवार, भूपेन्द्र कुमार, सेतुल जयशंकर बरेठ, अरमान श्रीवास, अविनाश केंवट, मोहनीश बरेठ, रितेश देवांगन, ईश्वर श्रीवास, प्रियांशु देवांगन, अखिलेश प्रधान, नवी राठौर, देविका बरेठ एवं पुक्कर साहू के नाम शामिल हैं। दल के सफल संचालन में प्रभारी व्याख्याता डॉ. दीपक कुमार यादव, डॉ. अनिल सिदार, सुश्री वृंदा बिंझवार एवं सुश्री श्वेता जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता 30 को



**चांपा।** कोसा, कांसा व कंचन की नगरी चांपा में शनिवार 30 मई को गांधी भवन मैदान में जिला बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जांजगीर चांपा जिले के लगभग 100 से 120 बॉडी बिल्डर भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप को चार अलग अलग ग्रुप में कराया जा रहा है। पहला ग्रुप सीनियर, दूसरा ग्रुप मास्टर, जिसमें 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बॉडी बिल्डर शामिल होंगे। तीसरा ग्रुप विकलांग बॉडी बिल्डर का होगा और चौथा मेंस फिजिक्स (मॉडलिंग) का होगा। इस कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन के लिये सहयोग के रूप में डी बी वेंचर्स के संचालक धीरेन्द्र बाजपेई का सहयोग मिला। आयोजन समिति के मोहम्मद सलीम बख्शी, गुलाम मुस्तफा नूरी, सुनील यादव एवं किशन शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## गौ माता के लिए मारवाड़ी युवा मंच ने जगह-जगह कोटना रखकर भरा पानी



**जांजगीर-चांपा।** मारवाड़ी युवा मंच नैला-जांजगीर द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए युवाओं के साथ मिलकर नगर के विभिन स्थानों पर गौ माता के लिए कोट्ना रखकर उसमें पानी भरा गया ताकि गौ माता को पानी के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े। इस कार्यक्रम में अमर सुल्तानिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विक्रांत अग्रवाल प्रांतीय कोषाध्यक्ष, दीपक सिंघानिया मण्डलीय उपाध्यक्ष, अध्यक्ष आकाश सिंघानिया, सचिव अनुभव अग्रवाल, उपाध्यक्ष चेतन शर्मा, अंकित अग्रवाल, संदेश पालीवाल ,तुषार अग्रवाल, चमन अग्रवाल, तुषार गोयल ,आदित्य भोपालपुरिया, सुजल खेमका, यशश्वी भोपालपुरिया, नवदीप गुप्ता, केशव सोनी, राघव खेमुका उपस्थित रहे।

## दर्रीपारा रंगमंच के पास से हटाया गया अतिक्रमण

**तनौद।** ग्राम पंचायत खोखरी में दर्री पारा रंगमंच के पास शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। रंगमंच के पास पंचायत द्वारा सार्वजनिक उपयोग हेतु प्रस्तावित भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा पत्थर डालकर घेरा कर लिया गया था। पंचायत द्वारा तीन बार नोटिस भेजकर बेजाकब्जा हटाने हिदायत दी गई, लेकिन इसके बाद बेजाकब्जा नहीं हटाया गया। तहसीलदार चंद्रकांत चंद्रवंशी, आर आई एवं पटवारी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपक कुमार साहू, ग्राम के सरपंच श्रीमती नीता कुर्रे एवं उपसरपंच ममता खिलेश्वर साहू एवं समस्त पंचगण ग्रामवासी एवं पुलिस बल की सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया।

चार दिवसीय स्थापना दिवस समारोह श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में हुआ आयोजन

# श्याम मंदिर का पन्द्रहवां वार्षिकोत्सवः श्याम पाठ के साथ हुआ समापन



श्री श्याम पाठ करती श्याम भक्त महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में मोदी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर का पन्द्रहवां स्थापना दिवस का समापन शनिवार 9 मई को श्री श्याम पाठ एवं भण्डारा प्रसाद के साथ हुआ।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में मोदी चौक स्थित खाटू वाले श्याम मंदिर का पन्द्रहवां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस चार दिवसीय समारोह के तहत प्रथम दिवस बुधवार 6 मई को सायं 5 बजे से श्री श्याम सखी मण्डल के सहयोग से मंदिर परिसर में महिलाओं ने अपने हाथों में श्री श्याम नाम की मेहंदी लगवाई। आयोजन के द्वितीय दिवस गुरूवार 7 मई को शाम 6 बजे से स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से श्री श्याम मंदिर तक श्याम भक्तों द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली गई। आयोजन के तृतीय दिवस शुक्रवार 8 मई को रात्रि 8 बजे से श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक आयुष सोमानी सहित जमनीपाली से आई भजन गायिका अमिशी-आशी तथा चांपा के भजन गायक पंकज अग्रवाल ने श्री श्याम भजनों की प्रस्तुति से श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। चार दिवसीय आयोजन के अंतिम दिवस शनिवार 9 मई को सुबह 10 बजे से श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम पाठ का आयोजन किया गया। इसके पूर्व श्री श्याम प्रभु की ज्योत ली गई। इसके बाद जांजगीर से आए ओम कश्यप द्वारा श्री श्याम सखी मण्डल चांपा की श्रीमती देवी अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा गोयल, श्रीमती मधु अग्रवाल तथा श्रीमती इंदू अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों के साथ श्री श्याम पाठ किया गया। श्री श्याम पाठ के बाद पंकज अग्रवाल द्वारा गायन कर श्री श्याम प्रभु की आरती की गई। समिति की ओर से श्याम पाठ करने वाली सभी महिलाओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पश्चात समिति के सक्रिय सदस्य अनिल मोदी के निवास परिसर में दोपहर 1 बजे से भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर तथा आसपास से आये श्याम भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में श्याम बाबा सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित सदस्यों एवं श्री श्याम सखी मण्डल तथा श्री श्याम युवा मण्डल के पदाधिकारियों और सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# समय से पूर्व शिविर छोड़ने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

## सुशासन तिहार में लापरवाही पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में आयोजित सुशासन तिहार को आम जनता के लिए अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे शिविर स्थल पर कार्यालयीन समय तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि समय से पूर्व शिविर छोड़ने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन और आम जनता के बीच सीधे संवाद, विश्वास और समाधान का सशक्त माध्यम है। शासन की मंशा है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं गांवों और शिविर स्थलों तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुने और मौके पर ही निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करे। उन्होंने अधिकारियों



को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, किसान हितग्राही योजनाएं, बिहान समूह एवं स्वरोजगार योजनाओं सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र हितग्राही अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा समय से पूर्व शिविर छोड़ना अथवा जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बरतना स्वीकार्य नहीं होगा। सभी अधिकारियों को शिविर की समाप्ति तक उपस्थित रहकर समस्या निराकरण प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड डभरा अंतर्गत ग्राम जवाली में आयोजित शिविर के दौरान कुछ अधिकारियों द्वारा कार्यालयीन समय से पूर्व शिविर स्थल छोड़ने संबंधी जानकारी प्राप्त हुई है, जिसे जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे सुशासन तिहार को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले अभियान के रूप में लेते हुए पूर्ण जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल औपचारिक उपस्थिति तक सीमित न रहें, बल्कि आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा लोगों में शासन के प्रति विश्वास और संतुष्टि का भाव मजबूत करना है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों और शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जिला पंचायत सदस्य ने 14 लाख की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन निर्माण का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्राम पंचायत सिवनी में जिला पंचायत सदस्य व समाज कल्याण विभाग के सभापति श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर ने डीएमएफ मद से 14 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर ने कहा कि जब से केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार बनी है तब से गांव-गांव में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग का पूरा ख्याल रखती है। गांव में आंगनबाड़ी, सीसी रोड़, चबूतरा निर्माण, नाली निर्माण, बिजली, पानी की व्यवस्था कराने में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं करती। भूमि पूजन कार्यक्रम में सिंवनी के जनपद सदस्य व जनपद पंचायत बलौदा के संचार संकर्म के सभापति चूड़ामणि राठौर, सरपंच श्रीमती कृष्णा कुमारी, शिव सिंग सिदार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जय भवानी देवांगन, कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष भागवत साहू, सिवनी भाजपा



मंडल अध्यक्ष रवि गबेल, मंडल महामंत्री रामधिन राठौर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा देवांगन,पंच आशीष राठौर, सरोज राठौर, मनोज राठौर, महेंद्र गोस्वामी, रितेश वैष्णव, अनिकेत पाण्डेय, हीरा देवांगन, उमेश बरेठ, पूर्व जनपद सदस्य राजेंद्र साहू, पूर्व मंडल महामंत्री प्रमोद देवांगन, मनहरण राठौर सहित भाजपा के अन्य जनप्रतिनिधी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहे।

# अग्रवाल सभा सक्ती की नवीन कार्यकारिणी की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अग्रवाल सभा सक्ती के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने 9 मई को अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। इस कार्यकारिणी में संरक्षक गणेश राम अग्रवाल (हजारी), जुगमंदर

- नव निर्वाचित अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने की टीम की घोषणा

अग्रवाल,गोविंदराम कथूरिया, नारायण गोयल, ओमप्रकाश बंसल, प्रेमचंद सराफ, सुरेश अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, महेन्द्र मित्तल,विनोद अग्रवाल, छेदी लाल गर्ग, घासी राम अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, प्रमुख सलाहकार- मांगेराम अग्रवाल, रमेशचंद अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अमरचंद अग्रवाल, अध्यक्ष- श्यामसुंदर अग्रवाल,



कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कथूरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- संजय रामचंद्र, सुनील बंसल, अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष- हरिओम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, भेषज गोयल, शिवनारायण अग्रवाल, विजय डालमिया, चमन अग्रवाल, रवि जिंदल, प्रकाशचंद्र अग्रवाल, सचिव- कन्हैया गोयल, सह सचिव- महेंद जिंदल, गज्जू डालमिया, कोषाध्यक्ष- मुकेश बंसल, कार्यक्रम संयोजक- सुधीर सराफ़, राजकुमार अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, युवा मंडल- अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, सचिव सुमित सराफ, विवाह बंधन अग्र बायोडाटा सेंटर संचालन समिति रामअवतार अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अमर अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, अशोक खेतान, मुकेश अग्रवाल विधिक सलाहकार- गोविंदराम अग्रवाल अधिवक्ता, महेश अग्रवाल, संतोष निगानिया, संजय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी- अशोक अग्रवाल, रवि गोयल, अजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, प्रतीक जिंदल, मोहन अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, श्यामसुंदर सराफ, सुरेश अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, उगेंद्र अग्रवाल, नरेश गेवाडीन, जगदीश बंसल, कार्यकारिणी सदस्य- किशन अग्रवाल, श्याम सुंदर कथूरिया, नरेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मानस अग्रवाल, रवि अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, पवन गोयल, अमीरचंद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, आलोक सराफ, राजेश अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, अमन गर्ग, सुरेंद्र अग्रवाल, सीए शैलेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय खेतान, मनोज बंसल, मनोज गर्ग, नरेश मित्तल, अभिषेक सराफ, विनय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल बंटी, प्रकाश अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, हरचंद राय गोयल, शैलेश सिंघल, संजय अग्रवाल, हरिश्चन्द्र अग्रवाल, कालू अग्रवाल,राजीव अग्रवाल, पियूष कथूरिया,गोपाल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अमन डालमिया बनाए गए हैं।

# नरियरा में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**नरियरा-मुलमुला।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर स्थित मितानिन भवन में शुक्रवार 8 मई को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ । सर्वप्रथम पंजाब नेशनल बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राय के छायाचित्र पर उपस्थित अतिथि उप अंचल प्रबंधक जी के सिंह, मंडल प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव उप मंडल प्रमुख राहुल बडोला पीएलपी हेड आलोक कुमार मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावन प्रसाद नेताम द्वारा दीप प्रज्वलित कर पुष्पहार अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में नरियरा सहित बनाहिल पकरिया सोनसरी झलमला गांव के किसान और स्व-सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। बैंक अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैंक किसानों की हर जरूरत में चाहे वह बच्चों की शिक्षा हो बच्चों की शादी हो हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है । किसान समृद्धि योजना के तहत दी जाने वाली सहायता पर भी प्रकाश डाला गया । अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजना के बारे में जागरूक किया गया साथ ही डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए पीएनबी वन एप के उपयोग





महिला स्व सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान करते बैंक पदाधिकारी।

पर भी जोर दिया गया जिससे लोग घर बैठे बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सके । कार्यक्रम में पात्र किसानों और महिला स्व सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम का संचालन पीएनबी शाखा के उप प्रबंधक ऋषि पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रबंधन मुख्य प्रबंधक जीत कुमार, मुख्य प्रबंधक अंजना कुमारी, शाखा प्रबंधक आदित्य देव अधिकारी माइकल आनंद अनिल हिंडोले, राजेश निषाद के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि ग्राहक एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# सीसी रोड बनने से स्कूली बच्चों और रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**देवरी सारागांव।** देवरी रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन एवं हायर सेकेंडरी स्कूल तक बनने वाली सीसी रोड से अब स्कूली बच्चों और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे विभाग द्वारा लगभग आधा किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या दूर होने की उम्मीद है।



ज्ञात हो कि देवरी रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन और शाउमाविद्यालय तक की सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने और कीचड़ फैल जाने से स्थिति और भी खराब हो जाती थी। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को कीचड़युक्त रास्ते से होकर गुजरना पड़ता था, वहीं रेलवे स्टेशन तक पहुंचने वाले यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कर समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार सड़क की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से उठाया जा रहा था। एक सप्ताह से रेलवे विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। सीसी रोड बनने से अब आसपास के गांवों से आने वाले छात्र-छात्राओं, रेलवे यात्रियों तथा आम नागरिकों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। वहीं देवरी अंडरब्रिज से लेकर सोननदी तक लगभग एक किमी रेलवे विभाग ने सीसी रोड बनाया गया है इस सड़क की बनने से ग्राम पंचायत सोनियापाठ अब देवरी से जुड़ गए हैं। इससे पहले मिट्टी की कच्ची सड़क थी । जिससे लोगों को एक गांव से दूसरे गांव आने जाने में परेशानी होती थी ।

श्रीमद् भागवत महापुराण में सम्मिलित हुए छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष

# आत्मा का ना तो जन्म होता है और ना ही मृत्यु : राजेश्री महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

केशरवानी कल्याण भवन शिवरीनारायण में कटकवार परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज सम्मिलित हुए। आयोजक परिवार के द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

राजेश्री महन्त महाराज ने व्यास पीठ पर विराजित आचार्य ओम प्रकाश शर्मा का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य ने भी पुष्पमाला भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि- आत्मा का ना तो जन्म ही होता है और ना ही मृत्यु ही।



महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास से आशीर्वाद प्राप्त करते आयोजक परिवार के सदस्य।

आत्मा शाश्वत, चिरातन, पुरातन और अमर है। श्रीमद् भागवत गीता में लिखा है कि- न जायते म्रियते वा कदाचि,न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।। कटकवार परिवार ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया है, निश्चित ही उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होगी। भगवान शिवरीनारायण से प्रार्थना है कि वे उन्हें इस संसार के आवागमन से दूर रखें और अपने चरण - शरण में स्थान दें। व्यास पीठ पर विराजित आचार्य शर्मा ने कहा कि संत महात्माओं के दर्शन मात्र से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य सुखराम दास, पुरेंद्र सोनी, अंकित दुबे, राहुल मिश्रा, राहुल तिवारी, आयोजक परिवार से गौरी रवि कटकवार एवं परिवार के सभी सदस्य, अतिथि के रूप में नगर के प्रतिष्ठित नागरिक पवन सुल्तानिया, निरंजन अग्रवाल ओम प्रकाश सोनी एवं योगेश शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी कथा श्रवण करने उपस्थित रहे। जांजगीर से हरिहर आदित्य, लाला आदित्य,छतराम कहरा तथा मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक गण उपस्थित थे।

